# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर – 302018

## Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur – 302018

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2722520

क्रमांकः प.8(142)RSSB/प.आ./VDO/2025/ दिनांकः यथाहस्ताक्षरार्थ

**विज्ञप्ति**

**(ड्रेस कोड संशोधित आदिनांक)**

**राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में परीक्षार्थियों के सम्मिलित होने हेतु ड्रेसकोडः–**

| ड्रेस कोड जिसकी अनुमति है | ड्रेस कोड जिसकी अनुमति नहीं है |
|---|---|
| 1. पुरूष अभ्यर्थी पूरी/आधी आस्तीन के शर्ट/टी–शर्ट, कुर्ता पायजामा, पैन्ट पहन कर आयेंगे।<br><br>2. महिला अभ्यर्थी सलवार सूट, चुन्नी या साड़ी, आधी/पूरी आस्तीन की शर्ट, आधी/पूरी आस्तीन का कुर्ता, ब्लाउज पहन कर एवं बालों में साधारण रबड बैण्ड लगा कर आवेंगी।<br><br>3. अभ्यर्थी कोट, स्वेटर, पूरी बाहों की गर्म जर्सी जिस पर मेटल एवं बडे बटन नहीं लगे हो उसे पहन कर आ सकते है। किन्तु अभ्यर्थी को आवश्यकता पडने पर जांच के समय उन्हे उतरवाकर जांच करवानी होगी।<br><br>4. परीक्षार्थी को कांच की पतली चूडियां पहनकर आने की अनुमति होगी।<br><br>5. सादा कलावा, जनेऊ, जिसमें किसी प्रकार का मेटल ना हो।<br><br>6. हवाई चप्पल (स्लीपर), सैण्डल, जूते एवं मोजे सभी छोटे टखने (Ankle) तक के पहनकर आने की अनुमति होगी।<br><br>**7.** गृह विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा जारी परिपत्र क्रमांकः प.27(14) गृह–1/2008 दिनांक 04.12. 2019 एवं प.27(14)गृह–1/2008(25858) दिनांकः 29. 07.2025 के अनुसार सिख धर्म के अभ्यर्थियों को कड़ा, कृपाण एवं पगड़ी आदि धार्मिक प्रतीकों को धारण कर परीक्षा में शामिल होने हेतु अनुमति दी जाये किन्तु | 1. पुरूष/महिला अभ्यर्थियों को जीन्स पहन कर आने की अनुमति नहीं होगी। यदि अपवाद स्वरूप कोई अभ्यर्थी जीन्स पहनकर आता है तो उसे परीक्षा से वंचित नहीं किया जाएगा। उसकी गहन जाँच (महिला अभ्यर्थी की जाँच महिला अधिकारी/कार्मिक द्वारा) करवाकर यह सुनिश्चित कर लिया जाना आवश्यक होगा कि उसके पास किसी प्रकार का ब्लूटूथ आदि डिवाईस नहीं है। तत्पश्चात् परीक्षा में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी तथा इस संबंध में अभ्यर्थी से वचन–पत्र भरवाया जायेगा।<br><br>2. परीक्षार्थियों को मुख्यतः Wrist Watch, Smart Watch, Bluetooth Device, Calculator, Mobile या अन्य कोई भी Electronic Device या किसी भी प्रकार का यंत्र जिससे Communication किया जा सके या जो परीक्षार्थी को पेपर लीक करने में अनुचित मदद करे ऐसी हर वस्तु पर पाबंदी होगी। अतः जाँच एजेन्सी ड्रेस कोड की गहन जाँच करेगी।<br><br>3. अपनी वेशभूषा में बड़ा बटन, मेटल बटन, किसी प्रकार के ब्रोच (जडाऊ पिन) या बैज या फूल आदि लगा कर आने की अनुमति नहीं होगी।<br><br>4. किसी भी प्रकार के जेवरात यथा अन्य प्रकार की चूडियां, अंगूठी, ब्रासलेट पहनकर नहीं आयेंगे।<br><br>5. परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार की घड़ी, धूप का चश्मा, बैल्ट, हैण्ड बैग, हेयर पिन, गण्डा/ताबीज, कैप/हैट, स्कार्फ, स्टॉल, शॉल, मफलर, टाई, मेटल चेन वाले जरकिन, ब्लेजर पहनकर परीक्षा में शामिल नहीं होंगे। मेटल चेन वाले जूते को |

| ड्रेस कोड जिसकी अनुमति है | ड्रेस कोड जिसकी अनुमति नहीं है |
| --- | --- |
| कृपाण छोटी साइज की एवं कवर्ड होनी चाहिए तथा परीक्षा टेबल पर रखने की अनुमति नहीं होगी। इन अभ्यर्थियों को गहन जाँच के लिए परीक्षा केन्द्र पर दो घन्टा पूर्व उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों के उक्त वर्णित प्रतीकों में कोई संदेहास्पद उपकरण Device ले जाना पाया जाये तो उसे परीक्षा हॉल में नहीं ले जाने दिया जाये। | पहनने की अनुमति नहीं होगी।<br>6. यदि किसी अभ्यर्थी के पास गेट पर चेकिंग के दौरान Bluetooth Device, Calculator, Smartwatch, Mobile phone या कोई भी हथियार चाकू इत्यादि पाया जाता है तो ये माना जायेगा कि अभ्यर्थी जानबूझकर गलत मंशा से इनको लाया है और उसे उस परीक्षा से अपात्र करने के साथ जाँच पश्चात नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी। |

**नोटः** उक्त ड्रेस कोड़ में आने पर ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जायेगा।

**यदि किसी वस्तु को पहनकर आने में या ड्रेस कोड़ में शामिल होने के संबंध में संदेह/विवाद हो तो इस संबंध में केन्द्र पर परीक्षा से जुड़े केन्द्राधीक्षक का निर्णय मान्य होगा।**

**सचिव**

क्रमांकः प.8(142)RSSB/प.आ./VDO/2025/ दिनांकः यथाहस्ताक्षरार्थ

प्रतिलिपिः

1. प्रभारी आई.टी. प्रकोष्ठ RSSB को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को बोर्ड की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करायें।
2. रक्षित पत्रावली।

**सचिव**

RajKaj Ref No.: 18449285